Series : EF8GD

SET-2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 430/8/2

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट / NOTE : **11**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

गणित (बुनियादी)
MATHEMATICS (BASIC)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*
Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में 38 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

(iii) ***खण्ड – क** में प्रश्न संख्या 1 से 18 तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या 19 एवं 20 अभिकथन एवं तर्क आधारित 1 अंक के प्रश्न हैं।*

(iv) ***खण्ड – ख** में प्रश्न संख्या 21 से 25 तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के 2 अंकों के प्रश्न हैं।*

(v) ***खण्ड – ग** में प्रश्न संख्या 26 से 31 तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के 3 अंकों के प्रश्न हैं।*

(vi) ***खण्ड – घ** में प्रश्न संख्या 32 से 35 तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के 5 अंकों के प्रश्न हैं।*

(vii) ***खण्ड – ङ** में प्रश्न संख्या 36 से 38 तक प्रकरण अध्ययन आधारित 4 अंकों के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प 2 अंकों के प्रश्न में दिया गया है।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड – **ख** के 2 प्रश्नों में, खण्ड – **ग** के 2 प्रश्नों में, खण्ड – **घ** के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड-**ङ** के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है।*

(ix) *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए। जहाँ आवश्यक हो $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो।*

(x) *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This Question Paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This Question Paper is divided into **FIVE** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

(iii) *In **Section–A,** question numbers **1** to **18** are Multiple Choice Questions (MCQs) and question numbers **19** & **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

(iv) *In **Section–B,** question numbers **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

(v) *In **Section–C,** question numbers **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

(vi) *In **Section–D,** question numbers **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions, carrying **5** marks each.*

(vii) *In **Section–E,** question numbers **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks question in each case-study.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions in Section–**B**, **2** questions in Section–**C**, **2** questions in Section–**D** and **3** questions in Section–**E**.*

(ix) *Draw neat diagrams wherever required. Take $\pi = 22/7$ wherever required, if not stated.*

(x) *Use of calculator is **NOT** allowed.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड – क

(बहुविकल्पीय प्रश्न) **$20 \times 1 = 20$**

प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।

1. यदि α और β द्विघात समीकरण $x^2 - 7x + 11 = 0$ के मूल हैं, तो $(\alpha^2 + \beta^2)$ का मान है :

   (A) 27 (B) 29
   (C) 31 (D) 33

2. नीचे दिए गए अपरिमेय संख्याओं के युग्मों में, किसका गुणनफल एक परिमेय संख्या है ?

   (A) $\sqrt{8}, \sqrt{32}$ (B) $\sqrt{3}, \sqrt{5}$
   (C) $\sqrt{8}, \sqrt{20}$ (D) $\sqrt{2}, \sqrt{15}$

3. निम्न A.P. का सार्व अंतर है :

   2, –2, –6, –10, ...

   (A) 4 (B) 10
   (C) –4 (D) –16


4. एक ठोस अर्धगोले, जिसकी त्रिज्या 7 cm है, का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल है :

   (A) 447 π sq. cm (B) 239 π sq. cm
   (C) 174 π sq. cm (D) 147 π sq. cm

5. यदि $x = 3$ बहुपद $p(x) = x^2 - 9k$ का एक शून्यक है, तो k का मान है :

   (A) 1 (B) 10
   (C) 0.1 (D) 100

6. दी गई आकृति में, यदि PQ || MN है, तो निम्न में से कौन सा सही विकल्प है ?



   (A) $x = \frac{a + b}{ay}$ (B) $\frac{x}{y} = \frac{a}{b}$
   (C) $x = \frac{ay}{a + b}$ (D) $\frac{x}{y} = \frac{b}{a}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Section – A

(Multiple Choice Questions) **20 × 1 = 20**

Q. Nos. **1** to **20** are multiple type questions of **1** mark each.

1. If α and β are the roots of quadratic equation $x^2 - 7x + 11 = 0$, then the value of $(\alpha^2 + \beta^2)$ is

(A) 27 (B) 29

(C) 31 (D) 33

2. Among the following pair of irrational numbers, whose product is a rational number ?

(A) $\sqrt{8}, \sqrt{32}$ (B) $\sqrt{3}, \sqrt{5}$

(C) $\sqrt{8}, \sqrt{20}$ (D) $\sqrt{2}, \sqrt{15}$

3. The common difference of the A.P. 2, –2, –6, –10, ... is

(A) 4 (B) 10

(C) –4 (D) –16

4. The total surface area of a solid hemisphere of radius 7 cm is

(A) 447 π sq. cm (B) 239 π sq. cm


(C) 174 π sq. cm (D) 147 π sq. cm

5. If $x = 3$ is a zero of the polynomial $p(x) = x^2 - 9k$, then k is equal to

(A) 1 (B) 10

(C) 0.1 (D) 100

6. If in the given figure, PQ || MN, then which of the following is true ?



(A) $x = \frac{a + b}{ay}$ (B) $\frac{x}{y} = \frac{a}{b}$

(C) $x = \frac{ay}{a + b}$ (D) $\frac{x}{y} = \frac{b}{a}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

7. यदि दो संख्याओं का L.C.M. 1890 है और उनका H.C.F. 30 है, तथा उनमें से एक संख्या 270 है, तो दूसरी संख्या है :

(A) 210 (B) 220

(C) 230 (D) 240

8. यदि $x = a \sin \theta$ और $y = a \cos \theta$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान है :

(A) 1 (B) a^2

(C) a (D) 0

9. समीकरणों $x = 2$ और $y = 3$ का युग्म उन रेखाओं को दर्शाता है जो

(A) $(-2, -3)$ पर प्रतिच्छेदी हैं । (B) $(2, 3)$ पर प्रतिच्छेदी हैं ।

(C) समान्तर हैं । (D) संगामी हैं ।

10. एक A.P. में, 7वें पद और तीसरे पद का अनुपात 5 : 3 है । यदि पहले 10 पदों का योग 255 है, तो 14वाँ पद है :

(A) 42 (B) 47

(C) 51 (D) 57

11. निम्नलिखित बारंबारता बंटन में माध्यक वर्ग (मीडियन क्लास) की ऊपरी सीमा है :

वर्ग	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50
बारंबारता	5	12	20	8	5

(A) 10 (B) 20

(C) 30 (D) 40

12. 10 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत्त की एक जीवा उसके केंद्र पर समकोण अंतरित करती है । जीवा की लम्बाई (सेमी में) है :

(A) $5\sqrt{2}$ (B) $10\sqrt{2}$

(C) $\frac{5}{\sqrt{2}}$ (D) $10\sqrt{3}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

7. If L.C.M. of two numbers is 1890 and their H.C.F. is 30 and one of the numbers is 270, then the other number is

(A) 210 (B) 220

(C) 230 (D) 240

8. If $x = a \sin \theta$ and $y = a \cos \theta$, then the value of $x^2 + y^2$ is

(A) 1 (B) a^2

(C) a (D) 0

9. The pair of equations $x = 2$ and $y = 3$ represent the lines which are

(A) intersecting at (–2, –3) (B) intersecting at (2, 3)

(C) parallel (D) coincident

10. In an A.P., the ratio of the 7^{th} term to the 3^{rd} term is 5 : 3. If the sum of the first 10 terms is 255, then the 14^{th} term is

(A) 42 (B) 47

(C) 51 (D) 57

11. The upper limit of median class in the following frequency distribution is :

Class	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50
Frequency	5	12	20	8	5

(A) 10 (B) 20

(C) 30 (D) 40

12. A chord of a circle of radius 10 cm, subtends a right angle at its centre. The length of the chord (in cm) is :

(A) $5\sqrt{2}$ (B) $10\sqrt{2}$

(C) $\frac{5}{\sqrt{2}}$ (D) $10\sqrt{3}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. यदि $\sec\theta + \tan\theta = p$ है, तो $\sin\theta$ का मान है :

(A) $\frac{p^2 - 1}{p^2 + 1}$ (B) $\frac{p^2 + 1}{p^2 - 1}$

(C) $\frac{2p}{p^2 + 1}$ (D) $\frac{p^2 - 1}{2p}$

14. समांतर श्रेढ़ी (A.P.) $\sqrt{5}, \sqrt{20}, \sqrt{45}$ ..... का चौथा पद है :

(A) 25 (B) $\sqrt{80}$

(C) $\sqrt{125}$ (D) $\sqrt{85}$

15. दो संकेंद्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ 5 cm और 13 cm हैं । बड़े वृत्त की उस जीवा की लंबाई जो छोटे वृत्त की स्पर्श-रेखा है, है :

(A) 10 cm (B) 12 cm

(C) 18 cm (D) 24 cm

16. द्विघात समीकरण $2x^2 - \sqrt{5}x + 1 = 0$ के

(A) दो अलग-अलग वास्तविक मूल हैं ।

(B) दो समान वास्तविक मूल हैं ।

(C) कोई वास्तविक मूल नहीं है ।

(D) दो से अधिक वास्तविक मूल हैं ।

17. 52 पत्तों की एक ताश की अच्छी प्रकार से फेंटी गई गड्डी से यादृच्छया एक पत्ता निकाला गया । इसके, हुकुम का पत्ता या इक्का होने की प्रायिकता है :

(A) $\frac{7}{13}$ (B) $\frac{5}{13}$

(C) $\frac{4}{13}$ (D) $\frac{3}{13}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. If $\sec\theta + \tan\theta = p$, then $\sin\theta$ is equal to

(A) $\frac{p^2 - 1}{p^2 + 1}$ (B) $\frac{p^2 + 1}{p^2 - 1}$

(C) $\frac{2p}{p^2 + 1}$ (D) $\frac{p^2 - 1}{2p}$

14. The fourth term of the A.P. $\sqrt{5}, \sqrt{20}, \sqrt{45}$ ..... is

(A) 25 (B) $\sqrt{80}$

(C) $\sqrt{125}$ (D) $\sqrt{85}$

15. Two concentric circles have radii 5 cm and 13 cm. The length of a chord of the larger circle which is tangent to the smaller circle is

(A) 10 cm (B) 12 cm

(C) 18 cm (D) 24 cm

16. The quadratic equation $2x^2 - \sqrt{5}x + 1 = 0$ has

(A) two distinct real roots.

(B) two equal real roots.

(C) no real roots.

(D) more than two real roots.

17. A card is drawn at random from a well shuffled deck of 52 playing cards. The probability of it being a card of spade or an ace is

(A) $\frac{7}{13}$ (B) $\frac{5}{13}$

(C) $\frac{4}{13}$ (D) $\frac{3}{13}$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

18. यदि ΔABC की भुजा BC के समांतर EF खींची जाए, जहाँ E भुजा AB तथा F भुजा AC पर है तथा $AB = 4\ BE$ है तथा $CF = 3$ cm है, तो AF की लंबाई है :

(A) 6 cm (B) 9 cm

(C) 12 cm (D) 15 cm

(अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न)

निर्देश : प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

19. **अभिकथन (A)** : दो सर्वांगसम त्रिभुज सदैव समरूप होते हैं ।

तर्क (R) : यदि दो त्रिभुजों के क्षेत्रफल समान हों, तो वे सर्वांगसम होते हैं ।

20. **अभिकथन (A)** : बिन्दु A(–4, 3) और B(4, 3) को मिलाने वाले रेखाखण्ड का मध्य-बिन्दु (0, 3) है ।

तर्क (R) : दो बिंदुओं $A(x_1, y_1)$ और $B(x_2, y_2)$ को मिलाने वाले रेखा खण्ड का मध्य-बिन्दु, खंड सूत्र (section formula) का प्रयोग करके 1 : 1 के अनुपात में निर्धारित किया जा सकता है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

18. If EF is drawn parallel to the side BC of a ΔABC meeting AB at E and AC at F such that AB = 4 BE and CF = 3 cm, then AF is equal to

(A) 6 cm (B) 9 cm

(C) 12 cm (D) 15 cm

(Assertion – Reason based questions)

Directions : Question numbers **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. **Assertion (A) :** Two congruent triangles are always similar.

Reason (R) : If the area of two triangles are equal, then they are congruent.

20. **Assertion (A) :** The mid-point of the line segment joining A(–4, 3) and B(4, 3) is (0, 3).

Reason (R) : The mid-point of the line segment joining two points $A(x_1, y_1)$ and $B(x_2, y_2)$ can be determined by using section formula with ratio 1 : 1.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड – ख

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) **$5 \times 2 = 10$**

प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है ।

21. छात्रों के एक समूह ने एक मोहल्ले के 20 परिवारों पर परिवार के आकार का अध्ययन करने के लिए एक सर्वेक्षण किया । निम्नलिखित बारंबारता बंटन तालिका प्रत्येक परिवार के सदस्यों की संख्या दर्शाती है । इस डेटा का बहुलक ज्ञात कीजिए ।

परिवार आकार	1 – 3	3 – 5	5 – 7	7 – 9	9 – 11
परिवारों की संख्या	7	8	2	2	1

22. यदि $\cos \theta = \frac{4}{5}$ है, तो $\frac{\sec \theta - \tan \theta}{\sec \theta + \tan \theta}$ का मान ज्ञात कीजिए ।

23. (a) यदि बिंदु A(a, b), दो बिन्दुओं B(2, 4) और C(–2, –3) से समान दूरी पर है, तो a और b के बीच का सम्बन्ध ज्ञात कीजिए ।

अथवा

(b) वह अनुपात ज्ञात कीजिए जिसमें रेखा $x + 3y = 12$, बिन्दुओं (1, 3) और (2, 5) को मिलाने वाले रेखा खण्ड को विभाजित करती है ।

24. (a) पहली दस 2-अंकीय संख्याएँ जो 7 का गुणज हैं, का योग ज्ञात कीजिए ।

अथवा

(b) एक समांतर श्रेढ़ी का तीसरा पद 13 तथा 8वाँ पद 38 है । इस श्रेढ़ी का 11वाँ पद ज्ञात कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Section – B

(Very Short Answer Type Questions) **5 × 2 = 10**

Q. Nos. **21** to **25** are Very Short Answer type questions of **2** marks each.

21. A group of students conducted a survey of 20 households in a neighbourhood to study family sizes. The following frequency distribution table shows the number of family members per household. Determine the mode of this data.

Family size	1 – 3	3 – 5	5 – 7	7 – 9	9 – 11
Number of families	7	8	2	2	1

22. If $\cos\theta = \frac{4}{5}$, find the value of $\frac{\sec\theta - \tan\theta}{\sec\theta + \tan\theta}$.

23. (a) If A(a, b) is a point which is equidistant from points B(2, 4) and C(–2, –3), then find the relation between a and b.

OR

(b) Find the ratio in which the line $x + 3y = 12$ divides the line segment joining (1, 3) and (2, 5).

24. (a) Find the sum of first ten 2-digit numbers which are multiples of 7.


OR

(b) The 3rd and the 8th terms of an A.P. are 13 and 38 respectively. Find its 11th term.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. दिए गए चित्र में दर्शाए अनुसार दो स्पर्श करने वाले वृत्तों में दो उभयनिष्ठ स्पर्श–रेखाएँ AB और CM हैं । सिद्ध कीजिए कि M, रेखा खंड AB का मध्य-बिन्दु है ।



खण्ड – ग

(लघु-उत्तरीय प्रश्न) **6 × 3 = 18**

प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।

26. बिन्दु P(–3, p), बिन्दुओं A(–5, –4) और B(–2, 3) को जोड़ने वाले रेखा खण्ड को किस अनुपात में विभाजित करता है ? साथ ही p का मान भी ज्ञात कीजिए ।

27. (a) एक निश्चित भिन्न में, यदि अंश को 4 से गुणा किया जाए और हर को 5 से कम किया जाए, तो परिणामी भिन्न $\frac{8}{5}$ हो जाती है । लेकिन यदि अंश में 1 जोड़ा जाए और हर को 2 से बढ़ाया जाए, तो परिणामी भिन्न $\frac{1}{3}$ हो जाती है । मूल भिन्न ज्ञात कीजिए ।

अथवा

(b) 2-अंकों की एक संख्या ऐसी है कि उसके इकाई का अंक उसके दहाई के अंक से दो कम है, साथ ही, उस संख्या और अंकों को पलटकर बनी संख्या का योगफल 154 है । वह संख्या ज्ञात कीजिए ।

28. (a) वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें 17 जोड़ने पर प्राप्त संख्या 520 और 468 दोनों से पूर्णतः विभाजित हो जाए ।


अथवा

(b) सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{5}$ एक अपरिमेय संख्या है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. The two touching circles have common tangents AB and CM as shown in the given figure. Show that M is the midpoint of line segment AB.



Section – C

(Short Answer Type Questions) **6 × 3 = 18**

Q. Nos. **26** to **31** are Short Answer type questions of **3** marks each.

26. Find the ratio in which the point P(–3, p) divides the line segment joining A(–5, –4) and B(–2, 3). Also, find the value of p.

27. (a) In a certain fraction, if the numerator is multiplied by 4 and the denominator is decreased by 5, the result becomes $\frac{8}{5}$. But if the numerator is increased by 1 and denominator is increased by 2, the result becomes $\frac{1}{3}$. Find the original fraction.

OR

(b) A 2-digit number is such that its units digit is two less than the tens digit, also the sum of the number and the number formed by reversing the digits is 154. Find the number.

28. (a) Find the smallest number which when increased by 17 is exactly divisible by both 520 and 468.

OR

(b) Prove that $\sqrt{5}$ is an irrational number.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE


futuretopper.in

29. किसी विद्यालय में 140 दिनों तक प्रतिदिन अनुपस्थित छात्रों की संख्या दर्ज की गई और इन आँकड़ों को निम्नलिखित बारंबारता सारणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है :

अनुपस्थित छात्रों की संख्या	2-4	4-6	6-8	8-10	10-12	12-14	14-16	16-18	18-20	**कुल**
दिनों की संख्या	1	5	11	14	16	13	14	60	6	**140**

आँकड़ों का माध्यक और बहुलक ज्ञात कीजिए ।

30. दी गई आकृति में O केंद्र वाले दो संकेंद्रीय वृत्त हैं । AB तथा CD बड़े वृत्त की दो जीवाएँ हैं जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती हैं । सिद्ध कीजिए कि AB = CD ।



31. यदि $\sin(A - B) = \frac{1}{2}$ और $\cos(A + B) = \frac{1}{2}$, $0 < A + B \leq 90°$, $A > B$ है, तो $\sin A$ का मान ज्ञात कीजिए ।

खण्ड – घ

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न) **4 × 5 = 20**

प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।

32. (a) ABCD एक चतुर्भुज है । बिंदु P, Q, R तथा S क्रमशः भुजाओं AB, BC, CD और DA को इस प्रकार त्रिविभाजन करते हैं कि ये सभी बिंदु बिंदुओं A तथा C के समीप हों । सिद्ध कीजिए कि PQRS एक समांतर-चतुर्भुज है ।

अथवा


Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

29. The number of students absent in a school was recorded everyday for 140 days and the data was presented in the form of the following frequency table.

Number of absentees	2-4	4-6	6-8	8-10	10-12	12-14	14-16	16-18	18-20	**Total**
Number of days	1	5	11	14	16	13	14	60	6	**140**

Obtain the median and the mode of the data.

30. In the given figure, two concentric circles are drawn with centre O. AB and CD are two chords of the larger circle which are tangents to the smaller circle. Prove that AB = CD.



31. If $\sin (A - B) = \frac{1}{2}$ and $\cos (A + B) = \frac{1}{2}$, $0 < A + B \leq 90°$, $A > B$, then find the value of sin A.

Section – D

(Long Answer Type Questions) **4 × 5 = 20**

Q. Nos. **32** to **35** are Long Answer type questions of **5** marks each.

32. (a) ABCD is a quadrilateral and P, Q, R and S are the points of trisection of sides AB, BC, CD and DA respectively such that these are adjacent to A and C. Prove that PQRS is a parallelogram.

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) समद्विबाहु त्रिभुज ABC में AB = AC है । बिंदु P और Q क्रमशः भुजाओं AB और AC पर इस प्रकार स्थित हैं कि AP = AQ है । सिद्ध कीजिए कि बिंदु B, C, Q, P एकवृत्तीय हैं ।


33. (a) एक पिता और उसके पुत्र की आयु का योग 45 वर्ष है । पाँच साल पूर्व, उनकी आयु (वर्ष में) का गुणनफल 124 था । पाँच साल बाद उनकी क्रमशः आयु ज्ञात कीजिए ।

अथवा

(b) समीकरण $\frac{1}{x-3}-\frac{1}{x+5}=\frac{1}{6}$; $(x \neq 3, -5)$ को एक द्विघात समीकरण के मानक रूप में व्यक्त कीजिए तथा प्राप्त समीकरण को हल कीजिए ।

34. एक लंबवत मीनार की धरातल पर पड़ने वाली छाया की लंबाई में 10 मीटर की वृद्धि होती है, जब सूर्य का उन्नयन कोण 45° से घटकर 30° हो जाता है । मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । [$\sqrt{3} = 1.732$ लीजिए ।]

35. दी गई आकृति में, दो संकेंद्रीय वृत्तों के बीच स्थित छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिनकी त्रिज्याएँ क्रमशः 7 सेमी और 14 सेमी हैं, जहाँ $\angle AOC = 40°$ है ।



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) In an isosceles ΔABC with AB = AC, points P and Q are on the sides AB and AC respectively such that AP = AQ. Show that the points B, C, Q, P are concyclic.


33. (a) The sum of ages of a father and his son is 45 years. Five years ago, the product of their ages (in years) was 124. Determine their ages respectively after five years.

OR

(b) Express the equation $\frac{1}{x-3} - \frac{1}{x+5} = \frac{1}{6}$; $(x \neq 3, -5)$ as a quadratic equation in standard form. Hence, solve the equation so formed.

34. A vertical tower casts a shadow on level ground. As the sun's angle of elevation decreases from 45° to 30°, the length of the shadow increases by 10 m. Calculate the height of the tower. [Use $\sqrt{3} = 1.732$]

35. In the given figure, find the area of the shaded region, enclosed between two concentric circles of radii 7 cm and 14 cm, where $\angle AOC = 40°$.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE


futuretopper.in

खण्ड – ङ

(प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न) $3 \times 4 = 12$

इस खण्ड में **3** प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।

36. एक अस्पताल दवाइयों के कैप्सूल स्टोर करता है, जिनका आकार बेलन के साथ दोनों सिरों पर अर्द्ध-गोलाकार है । प्रत्येक कैप्सूल के बेलनाकार भाग की लंबाई 10 मिमी है और इसका व्यास 5 मिमी है ।



उपरोक्त के आधार पर निम्न के उत्तर दीजिए :

(i) एक कैप्सूल का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । **(1)**

(ii) एक कैप्सूल का आयतन ज्ञात कीजिए । **(1)**

(iii) (a) यदि यह कैप्सूल पूरी तरह दवा से भरा हो और दवा की कीमत ₹ 0.05 प्रति घन मिमी (mm^3) हो, तो एक कैप्सूल में भरी दवा की लागत ज्ञात कीजिए । **(2)**

अथवा

(b) यदि कैप्सूल की लंबाई को दुगुना कर दिया जाए, तो ज्ञात कीजिए कि उसमें पहले से कितनी अधिक दवा भरी जा सकती है । **(2)**

37. एक विद्यालय ने अपने वार्षिक उत्सव के दौरान एक लकी ड्रा का आयोजन किया । ड्रा बॉक्स में कुल 100 पर्चियाँ थीं, जिनमें प्रत्येक पर 1 से 100 तक का एक विशिष्ट अंक लिखा हुआ है । पर्चियों का वितरण इस प्रकार था :

– 30 पर्चियों पर एक लाल निशान था ।

– 20 पर्चियाँ ऐसी थीं, जिन पर अंक 5 के गुणज थे ।

– 15 पर्चियाँ ऐसी थीं, जिन पर लाल निशान भी था और जिन पर 5 के गुणज वाली संख्या भी थी ।

– बाकी पर्चियाँ सादी थीं (ना तो उन पर लाल निशान था, ना ही संख्या थीं)

अब बॉक्स से एक पर्ची यादृच्छिक (random) रूप से निकाली जाती है ।

दी गई स्थिति को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कुल संभावित परिणामों की संख्या क्या है ? **(1)**

(ii) उस पर्ची के निकालने की प्रायिकता क्या है, जिस पर केवल लाल निशान हो ? **(1)**

(iii) (a) उस पर्ची के निकालने की प्रायिकता क्या है जो 5 की गुणज तो हो पर उस पर लाल निशान न हो ? **(2)**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE


futuretopper.in

Section – E

(Case-study based Questions) **3 × 4 = 12**

This section has **3** case study based questions carrying **4** marks each.

36. A hospital stores medicine capsules shaped like cylinders with hemispherical ends. Each capsule has length of the cylindrical part of 10 mm and a diameter of 5 mm.



Based on the above, answer the following questions :

(i) Find the total surface area of one capsule. **(1)**

(ii) What is the capacity of the capsule ? **(1)**

(iii) (a) If the capsule is filled with medicine, which costs ₹ 0.05/mm^3, calculate the cost of medicine per capsule. **(2)**

OR

(b) How much extra medicine (in volume) can be stored in the capsule, if the capsule length is doubled ? **(2)**

37. A school conducted a lucky draw during its annual function. The draw box contained 100 chits, each with a unique number from 1 to 100. The distribution of the chits is as follows :

– 30 chits had red markings.

– 20 chits were having numbers which are multiples of 5.

– 15 chits had both red markings and numbers which are multiples of 5.

– The rest were plain having no marking and no number.

One chit is drawn at random from the box.

Based on the above, answer the following questions :

(i) What are the total number of outcomes ? **(1)**

(ii) What is the probability that the chit drawn has a red marking only ? **(1)**

(iii) (a) What is the probability that the chit has a multiple of 5 but no red marking ? **(2)**


OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) उस पर्ची के निकालने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए, जो न तो लाल निशान वाली हो और न ही 5 के गुणज वाली हो । **(2)**

38. पार्क में एक परवलय के आकार का फव्वारा इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि इसका आकार एक बहुपद (polynomial) $p(x) = -x^2 + 6x - 5$ का अनुसरण करता है, जहाँ $p(x)$ ज़मीन से ऊपर ऊँचाई (मीटर में) को दर्शाता है, जब मूल बिन्दु से क्षैतिज दूरी x m हो ।



उपरोक्त के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) $p(x)$ के शून्यक ज्ञात कीजिए । **(1)**

(ii) मूल बिंदु से 2 मीटर की क्षैतिज दूरी पर फव्वारे की ऊँचाई क्या होगी ? **(1)**

(iii) (a) यदि $q(x)$, $p(x)$ का प्रतिबिम्ब है, (अर्थात् $q(x) = -p(x)$), तो इसे एक बहुपद के रूप में लिखें तथा इसकी आकृति दर्शाएँ । **(2)**

अथवा


(b) मूल बिंदु से कितनी क्षैतिज दूरी पर पानी ज़मीन को छूता है ? **(2)**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) What is the probability that the chit drawn is neither of red marking nor a multiple of 5 ? **(2)**

38. A parabolic fountain in a park is designed such that its shape follows the polynomial $p(x) = -x^2 + 6x - 5$, where $p(x)$ is the height (in metres) above ground level at a horizontal distance x metre from the origin.



Based on the above, answer the following questions :

(i) What are the zeroes of $p(x)$? **(1)**

(ii) What is the height of the fountain at a horizontal distance of 2 metres from origin ? **(1)**

(iii) (a) If $q(x)$ is a reflection of $p(x)$, that is $q(x) = -p(x)$, write its value as polynomial and draw its figure. **(2)**

OR

(b) At what horizontal distance from the origin does water hit the ground ? **(2)**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE